# आकाशवाणी शिमला
## 24.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

### नरेन्द्र मोदी

प्रदेश में पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव में अब सात दिन शेष रह गए हैं और ऐसे में चुनाव प्रचार चरम की ओर पहुंच गया है। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही प्रमुख दलों के शीर्ष केंद्रीय नेता प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए आ रहे हैं और मतदाताओं को रिझाने का प्रयास जारी है। वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नाहन व मंडी में दो बड़ी चुनावी रैलियों को संबोधित किया। नाहन में शिमला संसदीय सीट से पार्टी प्रत्याशी सुरेश कश्यप के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों में केंद्र सरकार ने देश के सीमावर्ती व पहाड़ी राज्यों का भरपूर विकास किया है और इन इलाकों में सड़कों का जाल बिछाया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने सिरमौर जिले के गिरिपार क्षेत्र के हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा देकर उनकी दशकों पुरानी मांग को पूरा किया है जबकि कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर टाल–मटोल करती रही है। उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जनता को झूठी गारंटियां देकर सत्ता में आने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने महिलाओं को 15 सौ रूपए देने का झूठा वायदा किया है जबकि बेरोजगार युवाओं को दी गई नौकरी की गारंटी भी कांग्रेस भूल गई है। मंडी में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में अभी तक हुए 5 चरणों के चुनावों में एनडीए को बहुमत से ज्यादा सीटें मिल चुकी है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार बड़ी हार की ओर बढ़ रही है। नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस नेता भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत के खिलाफ तथ्यहीन और अपमानजनक ब्यान दे रहे हैं।

### चुनाव प्रचार

भाजपा व कांग्रेस ने आने वाले दिनों में अपने स्टार प्रचारकों को प्रचार अभियान में उतारने का कार्यक्रम बनाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाद कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे कल 25 मई को प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए आ रहे हैं। वे शिमला जिले के रोहडू में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। इसके अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी कल हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के तहत अम्ब और धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में दो चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का 26 मई को शिमला संसदीय सीट के तहत नाहन और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के तहत ऊना में चुनावी जनसभाएं करने का कार्यक्रम है।

### मुख्यमंत्री

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा और मंडी संसदीय क्षेत्रों के अनेक स्थानों पर चुनावी रैलियों को संबोधित किया। लाहौल स्पीति के उदयपुर में पार्टी प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने भाजपा पर राज्य सरकार को गिराने की नाकाम कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां भाजपा धन बल पर विश्वास रखती है वहीं कांग्रेस पार्टी के पास जनता की ताकत है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी चारों लोकसभा सीटों के अलावा विधानसभा की छः सीटों पर भी जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने 15 महीने के कार्यकाल में एक ओर जहां सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पैंशन योजना बहाल कर दी है वहीं महिलाओं को 15 सौ रूपए प्रति माह पैंशन प्रदान करने की योजना भी लागू की है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने धर्मशाला में कांगड़ा संसदीय सीट से पार्टी प्रत्याशी आनंद शर्मा और विधानसभा उपचुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवार देवेंद्र जग्गी के लिए भी लोगों से वोट मांगे।

### अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के तेलका में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने लोगों से कांगड़ा संसदीय सीट से पार्टी प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

———————————————————————————————————